संशोधन करने वाले विधेयक मोटर व्हीकल्स ऐक्ट में अमेंडमेंट रिव्यू कमेटी–1990 की रिपोर्ट का राज्य सरकारों से बात करके केन्द्र कर रही हैं, इसके लिये मैं सरकार का धन्यवाद करता हूं। रोड ऐक्सीडेंट विक्टिम्स कम्पनसेशन का प्रोसीजर विग्रल, अच्छा और व्यावहारिट इस ऐक्ट से हो जायेगा जिसके तहत स्टेट गवर्नमेंट को यह अधिकार मिल जायेगा कि कोई एक या इससे ज्यादा ट्रिब्यूनल कायम कर सकें ताकि ये फैसले जल्दी हो सकें। इससे पहले जो आजकल एक्सीडेंट हो जाते हैं, उसके विक्टिम जिस का अंगहीन हो जाता है या कोई मर जाता है तो जब वे कोर्ट में जाते हैं तो सालों साल वे केस पड़े रहते हैं। और उनको मुआवजा मिलता है, कंपनसेशन मिलता है, वह मिलने में बड़ी देर हो जाती है। इस एक्ट के तहत ट्रिब्यनल बन जायेंगे और इसके तहत फैसले जल्दी हो सकेंगे, इसके लिये मैं मंत्री महोदय का धन्यवाद करता हूं और साथ-साथ कंपनसेशन के रेट भी सरकार ने बढ़ाने का प्रावधान किया है– जो पहले 25,000 रुपये देते थे, वह अब 50,000 कर दिया है जो 12,000 पहले कंपनसेशन था अब वह 25,000 हो गया है, 8,500 की बजाय 25,000 रुपये किया है और 2,000 की बजाय 12,5000 किया है। मैं समझता हूं कि इससे विक्टिम को या जिसका एक्सीडेंट हो जाता है, जो अंगहीन हो जाता है, उसको काफी सहायता मिलेगी। ट्रिब्यूनल बनने से जैसे मैंने कहा कि एक्सीडेंट के केस जो सालों से पड़े रहते हैं, उनके फैसले जल्दी होंगे और इसी संदर्भ में माननीय सदस्य श्री जगमोहन जी ने जो कहा था वह ठीक है कि और तो अपनी गाड़ी के नम्बर हो याद नहीं रहते और जब गाड़ी का नम्बर देना होता है तो ड्राइवर से कहते हैं कि देखना, ऊपर का नम्बर क्या है। यह बड़ी मुश्किल बात है, मैं उनकी बात का समर्थन करता हूं कि इतने लंबे-चौड़े नम्बर जो गाड़ियों के होते हैं, वह याद नहीं रहते। मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि इसमें कुछ टीक कर दिया जाय तो मैं समझता हूं कि उसमें कोई हर्ज नहीं है।

दूसरे, जो एक्सीडेंट की बातें हो रही हैं, उसमें यही नहीं कि मरने वाले या मारने वाले का कसूर हो, ड्राइवर जो गाड़ी तेज चलाते हैं, शराब पीकर चलाते हैं, उनके लाइसेंस ठीक नहीं होते और वह, चाहे अमीर हो या गरीब हो, जो सड़क पर जा रहा है, अपनी साइड पर जा रहा है, उस को मारना, मैं समझता हूं कि चलते हुये आदमी को मार देना बड़ा भारी जुर्म है और उसको बर्बाद कर देना, मौत के घाट उतार देना, उसके लिये सख्त कानून बनाया जाय, उसके लिये अलग सजा होनी चाहिये। जो गाड़ी में सफर कर रहा हो, गाड़ी चला रहा हो, यदि उसका एक्सीडेंट हो भी जाय, उसको नुकसान हो जाय तो दुख की बात है लेकिन चलते हुये आदमी को या गरीब को मारना, मैं समझता हूं कि बहुत भारी जुर्म है।

इसके अलावा महोदय, मैं आपके द्वारा मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि नेशनल हाइवे एक हमारा दिल्ली से हिसार जाता है और हिसार से पाकिस्तान के बार्डर तक हिसार टू पीलीबंगा डिफेंस रोड है और उस रोड से काफी गांव लगते हैं। गांव के बीचो-बीच से जब मिलिट्री के ट्रक जाते हैं, बड़े-बड़े वैहिकल होते ये तो बड़े भारी एक्सीडेंट हो जाते हैं जिनका नुकसान पूरा होना भी मुश्किल है। स्कूल के बच्चे और गांव वाले यहां से गुजरते हैं तो उनका एक्सीडेंट हो जाता है। मेरा गांव भी हिसार से 8 किलोमीटर आगे हिसार-पीलीबंगा रोड पर है और हर महीने वहां पर एक-आधा बच्चे, औरत या बूढ़े की आये दिन मौत हो जाती है। तो इस तरह के जो रूट हैं, नेशनल हाइवे हैं, मिलिट्री रोड हैं, डिफेंस रोड हैं, उन पर ऐसा प्रबंध किया जाय कि एक्सीडेंट की तादाद जो दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, वह कम हो सके। जैसा अहलूवालिया जी ने कहा कि पहले देश में 4,000 होते

थे, अब 60,000 हो गये हैं और दिन-प्रतिदन बढ़ते चले जा रहे हैं। नेशनल हाइवे जो हैं, जो गांव से गुरजते हैं, मेरी खासतौर से प्रार्थना है कि उन का उचित प्रबंध होना चाहिये। यह डिफेंस रोड का कानून ऐसा है कि वहां कोई लाइट लगानी हो, कोई चीज वहां लगानी हो, कोई रोड क्रास करना। हो तो वहां से मंजूरी कई महीनों में, सालों में आती है। जो गांव डिफेंस रोड पर पड़ते हैं, उनके लिये कोई ऐसा साधन अपनाया जाय, ऐसा तरीका अपनाया जाय कि उन्हें सुविधा दी जा सके। जब किसी चीज की मजूरी पचायत को लेनी होती है, स्टेट गवर्नमेंट को लेनी होती है तो मजूरी लेने में काफी समय लग जाता है, इसलिये मैं आपसे प्रार्थना करूगा कि एक्सीडेंट को रोकने के लिये खास दिलचस्पी यह हो कि वहां के आफिस गांव वालों की सहूलियत के लिये हों और मोटर वैहिकल एक्ट के जो नियम है, वह ऐसे बनाये जायें ताकि उन गांव वालों को, उन शहरों को जहां से डिफेंस रोड गुजरती है, उन को सहूलियत हो और अगर उनको कोई मंजूरी लेनी हो तो वह जल्दी मिल जाय। उनको मंजूरी लेनी हो तो जल्दी दी जाये।

महोदया, हमारा शहर हिसार बहुत बड़ा है जहां पर मिलिट्री के ट्रक बहुत बड़े बड़े गुजरते हैं। वहां पर एक साइड में बाइ पास रोड बन जाये, डिफेंस रोड बन जाय तो सुविधा होगी। जब तक वहां पर बाइ पास रोड नहीं बनेगा तब तक हिसार शहर का नुकसान होता ही रहेगा और एक्सीडेंट होते ही रहेंगे। इसलिये मैं आपके द्वारा मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि डिफेंस रोड हो या बाइ पास हो वह बना दी जाये। वहां पर हिसार में बड़ा भारी कैंट एरिया बनने जा रहा है। बाइ पास नहीं बनेगा तो बड़ी भारी कठिनाई होगी। मैं प्रार्थना करूगा कि मंत्री जी जल्दी से जल्दी वहां पर इस तरह का इंतजाम करें कि जिससे एक्सीडेंट न हों।

इसके अलावा जैसे अन्य माननीय सदस्य कह रहे थे, यह ठीक है कि ड्राइविंग लाइसेंस लोग पहले लाइट के ले लेते हैं और बाद में हैवी के बना लेते हैं। हमारे आदरणीय मीना जो बैठे हैं, यह बुरा न माने तो मैं कहुंगा कि हमारे यहां तो कहा जाता है कि लाइट लाइसेंस बनवा लो और हैवी राजस्थान से बनवा लो क्योंकि हरियाणा वाले आसानी से देते नहीं हैं। तो राजस्थान से बनवाकर लोग हमारे यहां आते हैं। इस तरह से जब हैवी लाइसेंस बनवा कर लायेंगे तो एक्सीडेंट ही करेंगे। इनकी कोई रोकथाम करनी चाहिये।

महोदया, इस में यह भी कहा गया है कि ट्रेनिंग सेंटर होंगे, ट्रेनिंग स्कूल होंगे। अब ट्रेनिंग सेंटर्स के लिये जगह नहीं है। इस की भी चेकिंग अच्छी तरह से होना चाहिये, अच्छी ट्रेनिंग होना चाहिये ताकि लोग एक्सीडेंट न करें।

महोदया, इस में नाइट चेकिंग की बात अच्छी कही गई है। अगर नाइट चेकिंग न का जाय तो चोर, लुटेरे, उग्रवादी सभी हमला करते हैं। लेकिन मैं आप के द्वारा मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि स्टेट और सेंटर का भी यह मामला है जो रास्ते में चेकिंग होती है तो चेकिंग के बहाने से जो हैरेसमेंट लोगों को होती है, आने जाने वालों को, प्राइवेट गाड़ियों वालों को, आम आदमी को इससे बड़ी दिक्कत होती है। पुलिस खड़ी हो जाती है। आप दिल्ली में देख लीजिये। मेंबर पार्लियामेंट हो तो व यहां तो जाने देते हैं, कोई दिक्कत नहीं है,लेकि दिल्लीक बाहर मेंम्बर पार्लियामेंट को कोई नहीं जानता। स्टेट में उसका कोई असर नहीं होता है। महा तो मेंबर पार्लियामेंट से लस वाले डरते हैं। पुलिस एक तरफ ख खड़ी हो जाती है और आम आदमी को एक साइड में लगात हैं। उसकी छानबीन करते हैं। इस तरह का माहौल चैकिंग के बहाने से बनाया जाता है जिस से लोग परेशान होते हैं। मंत्री जी से मैं प्रार्थना करूंगा कि इस

की रोकथाम की जाए । चैकिंग अवश्य होनी चाहिए । जो डिफाल्टर हो यदि उस का लाइसेंस ठीक नहीं है तो उसका चालान होना चाहिए । लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए कि वह चालान उसकी मर्जी पर हो । वह चाहे तो छोड़ दे या चाहे तो कर दे । ऐसा सुना जाता है, ऐसा देखा जाता है कि जब चालान करना हो तो गाड़ी में कुछ न कुछ डिफैक्ट निकालने लग जाते हैं और आप के इतने नियम हैं कि कोई भी उन को पूरा नहीं कर सकता । जब चालान करना हो तो किसी न किसी बहाने से, लाइट के बहाने से या अन्य किसी बहाने से चालान कर देते हैं। नहीं करना होता है तो कुछ उस को मिल जाएगा तो मामला निपट जाता है । इसलिए इस से ज्यादा लोगों को हैरेसमेंट होती है । सही बात हो तो ऐक्सीडेंट ही न हों । सही लाइसैंस हो तो ऐक्सीडेंट भी कम होंगे । तो मैं आप के माध्यम से मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि लाइसेंस देने के लिए ट्रेनिंग स्कूल खोलें । इनको या तो सैंट्रल गवर्नमेंट खोले या आइ०टी०आइ० में भी इस तरह की ट्रेनिंग दी जा सकती है ताकि ट्रेनिंग लेने के बाद वह अच्छी तरह से गाड़ी चला सके । इससे एक्सीडेंट कम होंगे । यह कहा भी है कि दिल्ली में ट्रेनिंग सेंटर खोले जाएंगे, लेकिन मैं नहीं कह सकता कि कहां कहां खोले जाएंगे । ट्रेनिंग अच्छी होगी तो गाड़ियां भी अच्छी तरह चलेंगी, दुर्घटनाएं कम होंगी और किसी का कोई नुकसान भी नहीं होगा ।

महोदया, जहां दिल्ली में इस तरह की सड़कें हैं वहां पर ट्राम सर्विस कहते हैं वह काफी कामयाब हैं । लेकिन वह सर्विस चले इस से पूर्व अच्छी सड़कों का होना आवश्यक है ताकि ऐक्सीडट न हों । ट्रैफिक रूल्स के बारे में जहां तक मैं जानता हूं 90 प्रतिशत लोगों को जानकारी है कि दायें चलना है या बाये चलना है, या कहां चलना है । ये जो गाड़ियां हैं तेजी से चलती हैं, तेजी से भागती हैं इनकी वजह से एक्सीडट होते हैं । या जो शराब पीकर लोग गाड़ियां चलाते हैं । या ओवर लोडिंग करत हैं उसकी वजह से एक्सीडेंट ज्यादा होते हैं । मैं समझता हूं यदि इन सारी बातों पर गौर किया जाए तो एक तो एक्सीडेंट कम हो सकते हैं और लोगों की जो सड़क पर चलते हैं उनकी सुरक्षा हो सकती है । मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि जैसा मैंने नेशनल हाईवे के बारे में कहा है और दूसरी बातें कही हैं इन बातों पर विचार करके अगर सुधार किया जायेगा तो ऐक्सीडट भी कम होंगे ये, जो यह मोटरयान विधेयक रखा गया है, इसका समर्थन करता हूं । आपने मुझे जो बोलने का समय दिया उसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं ।

श्री मूलचन्द मीणा (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदया, मोटरयान विधेयक जो मंत्री जी द्वारा लाया गया है उसका मैं समर्थन करता हूं । यह विधेयक जो लाया गया है इसके लिए आपने जो एक समिति गठित की थी, उसके जो सुझाव थे, उनको मंजूर करके यह लाया गया है । लेकिन सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं से ऐसा महसूस होता है, जैसे पहले एक कहावत थी पुराने जमाने में कि कोई योद्धा युद्ध के लिए जाया करता था, युद्ध के लिए कूच करता था तो कहा जाता था— जान हथेली पर लेकर चलना या सिर पर कफन बांध कर निकलना । आज यदि । हम रोड पर निकलते हैं तो यही सोच कर निकलते हैं हम इस रोड से सही यात्रा करके वापस घर आयेंगे या नहीं आयेंगे । मौत का तांडव आज इस देश में रोड पार देखने को मिलता है । 9 मिनट के अंदर एक आदमी की मौत एक्सीडेंट से इस देश में होती है । वाहनों की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है । आजादी के बाद 70 प्रतिशत वाहन की वृद्धि हुई है इस देश में । यदि हम दूसरे राष्ट्रों से इसकी तुलना करें तो हम पायेंगे कि उन राष्ट्रों से वाहनों की संख्या सिर्फ एक प्रतिशत ज्यादा है पर इस देश में दुर्घटना 6 प्रतिशत ज्यादा होती हैं। यानी हिन्दुस्तान के आदमी को 6 प्रतिशत खतरा ज्यादा है। इसकी ओर आपका ध्यान विशेष रूप से जाना चाहिए । इस देश के अंदर 1993 के वर्ष में 596 मौतें एक्सीडेंट्स से केवल एक वर्ष के अर्से में हुई हैं और 50 हजार आदमी घायल हुए हैं । यदि हम इसकी तुलना जापान, अमेरिका जैसे

देशों में करें, जब कि भारत के एक हजार वाहनों के ऊपर इसका प्रतिशत 2.5 आता है तो जापान के अंदर यह 0.11 आता है और अमेरिका के अंदर 0.22 आता है। कितना अंतर है। वहां ज्यादा वाहन होने के बावजूद एक्सीडेंट कम होते हैं। इसका मतलब कि हमारे यहां कुछ खामियां परिवहन विभाग के संचालन में हैं। उन खामियों को अगर इस संशोधन में आप जोड़ देते तो आपका जो लक्ष्य 2001 तक, ये मौतें जो हो रही हैं उनको 25 हजार पर ला देने का जो आपका सोच है तो इससे वह सोच पूरा हो सकता था। आज जगह जगह रोडों पर, चाहे वे नेशनल हाई वेज हों और रोड हों, स्पीड ब्रेकर बने हुए है। गांवों के अंदर तीन-तीन, चार-चार स्पीड ब्रेकर लगे हुए हैं, जिन पर वाहन भी खराब होते हैं और समय भी बरबाद होता है। मैं चाहता हूं कि आप इन स्पीड ब्रेकर्स को हटाइये। जब दुर्घटना होती और उसमें किसी आदमी की मौत हो जाती है, या कोई व्यक्ति घायल हो जाता है तो उसको नजदीक के हास्पिटल में ले जाया जाता है। लेकिन उसका इलाज करने के लिये प्राइवेट डाक्टर पहले ही मना कर देता है क्योंकि वह पुलिस केस हो जाता है और पुलिस के झंझट में वह नहीं पड़ना चाहता। इसके कारण डाक्टर उस घायल पर तब तक हाथ नहीं लगाता जब तक कि पुलिस नहीं आ जाती है। आपने इसमें चेंज किया है लेकिन प्राइवेट डाक्टरों को भी आपको इसकी इजाजत देनी चाहिये थी कि वह भी बेरोकटोक उसका इलाज कर सकते हैं। कई बार कई मौतें इस कारण हो जाती कि घायल का समय पर इलाज नहीं हो पाता ट्रकों की जांच का अधिकार आपने पुलिस को दिया लेकिन पुलिस क्या किसी काम को सही करती है। पुलिस सुबह से शाम तक इसी धुन रहती है कि चाहे कैसे भी हो, मेरे पास पैसा आये। उसका इससे ज्यादा मतलब नहीं होता कि उसमें कोई कमी है या अधिक भार भर रखा है, ड्राइवर लाइसेंस, गाड़ी का लाइसेंस है या नहीं है, उसका बीमा रिन्यू कराया है या नहीं कराया है, इसको कोई जांच नहीं सकेगा। पुलिस अधिकारी इस बीमे की कोई जांच नहीं करते और सुबह से शाम तक इसी धुन में रहता हैं कि कैसे पैसा बनाये इसके सिवाय ट्रैफिक पुलिस का कोई काम नहीं है। इसलिये यह काम इनके अधिकार क्षेत्र से तुरंत हटा दिया जाय और इसका अधिकार परिवहन विभाग को अगर दिया जाय तो इससे ज्यादा सुरक्षा हो सकेगी। जितनी भी बड़ी बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनीज हैं, ट्रांसपोर्टर हैं वे अपने बही खाते में जो पुलिस को देते हैं उसको वे कहते हैं कुत्ता खर्च। अपने बही खाते में इसकी एन्ट्री करते हैं कुत्ता खर्च।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): क्या लिखते हैं ?

श्री मूलचन्द मीणा: डाग खर्च, कुत्ता खर्च। तो अगर आपको देश में परिवहन व्यवस्था को ठीक करना है तो आपको यह देखना होगा कि ये दुर्घटनायें क्यों होती हैं। इसके कई कारण हैं। ड्राइवर ट्रेंड होता है या नहीं होता, ड्राइवर जो वाहन चलाने की स्थिति में नहीं है या जिसकी रियेयरिंग नहीं हुई हो उसको चलाते रहना, सड़क ठीक नहीं होना है। सड़क की जब बात कर रहे हैं तो मैं मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मैं अभी पिछले सेटरडे को जयपुर गया था। जयपुर का यहां से रास्ता चार घंटे का है और आपके नेशनल हाईवे की यह स्थिति है कि हम सात घंटे में जयपुर पहुंचे चाहे हरियाणा को ले लो या राजस्थान को ले लें। अब इसके लिए एक निश्चित कार्यक्रम जैसे कि व्यवस्था करने जा रहे हैं प्राइवेट पार्टियों को, प्राईवेट परिवहन संस्थाओं को सड़कों के रख-रखाव का अधिकार दे रहे हैं। चाहे आप किसी से भी व्यवस्था कराएं लेकिन आज इस देश के अन्दर सड़कें ऐसी हों जिससे दुर्घटना न हो। जहां तक ड्राइविंग लाइसेंस का प्रश्न है, कल घर से आए और आज ड्राइविंग लाइसेंस लेकर वाहन चलाने लग जाते हैं। नेशनल हाईवे पर होने वाले 50 प्रतिशत एक्सीडेंट्स का मुख्य कारण यही है कि वहां पर चलने वाले ड्राइवर नशे में चलते हैं जबकि आप के

कानून के अनुसार आपने रोक लगा रखी है। यदि शरीर के अन्दर एक प्रतिशत भी अल्कोहल का नशा पाया जाएगा तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाएगा लेकिन आप रिकार्ड उठा कर देखें कि आज तक क्या आपने इस आधार पर एक भी ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया है ? एक्सीडेंट में मरने वालों के लिए आपने ऐसी व्यवस्था की है जो पहले 25000 मुआवजा राशि थी, उसको डबल कर दिया है । जो एक्सीडेंट में ज्यादा घायल हो जाते हैं या जिनका अंगभंग हो जाता है, उसके लिए आपने राशि दुगुनी की है । मैं आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए, परिवहन विभाग को मजबूत करने के लिए आपको स्वयं सेवी संगठनों को, जो वित्तीय सहायता दे रहे हैं, उनका आप सहयोग लें ताकि एक्सीडेंट की प्रवृति जो बढ़ रही है, वह एक्सीडेंट कम हो जाएं। महोदया, 1951 में देश के अन्दर तीन लाख वाहन थे और आज वह बढ़ कर के लगभग 30 करोड़ हो गये हैं । वाहनों की दिन-प्रति-दिन बढ़ती हुई संख्या के कारण इनके धूएं से प्रदूषण भी बढ़ रहा है। यदि आप नेशनल हाईवे पर सफेद कपड़े पहन कर चलें या किसी जीप में बैठ कर जाएं तो शाम को जब आप पहुंचेंगे तो आपके सारे कपड़े और चेहरा काले मिलेंगे । वाहनों से निकलते हुए धूएं के कारण पर्यावरण दूषित हो रहा है । जो वाहन सड़कों पर चलते हैं उनसे निकलने वाले धूएं के लिए आपके कायदे कानून बने हुए हैं लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं कि वह कायदे-कानून कहां चले गये हैं ? इनकी कोई जांच नहीं होती है। कभी कभी महसूस होता है कि कानून कायदे से अलग चल कर जो वाहन प्रदूषण फैलाते हैं उनको तुरंत रोकना चाहिये जिससे पर्यावरण सुरक्षित रह सके । महोदया, राजस्थान के अन्दर एक नेशनल हाईवे निकल रहा है अलवर, दिल्ली ग्वालियर । आपके विभाग ने इस सड़क के लिए किसी कम्पनी को ठेका दिया है और उस ठेके में कितनी गड़बड़ हुई है। जो रेट स्टेट गवर्नमेंट के रोडों का 2 सौ या 3 सौ है, उस कम्पनी को रेट दिया है 3 हजार या 4 हजार का । दो सौ ढाई सौ का जो रेट होता है।

जल भूतल परिवहन मंत्रालय में मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) स्टेट गवर्नमेंट ही देती है । सैन्टर कुछ नहीं देता है

श्री मूलचन्द मीणा : स्टेट गवर्नमेंट ने दिया है । नेशनल हाइवे की बात कर रहा हूं ।

श्री जगदीश टाइटलर : मैं उसी की बात कर रहा हूं ।

श्री मूलचन्द मीणा : स्टेट गवर्नमेंट ने किया है । आपकी नालेज में ला रहा हूं कि आपके दिए हुए पैसे का मिसयूज किस तरीके से हो रहा है । आप इसकी जांच कराइए ।

श्री जगदीश टाइटलर : यह कराएंगे ।

श्री मूलचन्द मीणा : गलत हो रहा है तो स्टेट गवर्नमेंट को लिखिए ।

श्री जगदीश टाइटलर : ठीक है ।

श्री मूलचन्द मीणा : ठेका , जो टेंडर हुआ वह अलवर से हिन्डोन के बीच का टेंडर है ।

मंत्री जी जो विधेयक लाए हैं क्योंकि इनको विधेयक में जल्दी तो सुधार करना पड़ेगा इसलिए कुछ और जो सुझाव जो पब्लिक के, परिवहन संगठनों को, राज्य सरकारों के हों जिससे कि देश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके, इस विधेयक में रखें इसी के साथ में अपनी बात समाप्त करता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : बहुत बहुत धन्यवाद मीणाजी ।

SHRI JAGDISH TYTLER: Madam. I am grateful to the hon. Members who have participated in the discussion on the Bill to further amend the Motor Vehicles Act, 1988.

As hon. Members are aware, any change in the Motor Vehicles Act will have a far-reaching effect on practically every citizen of this country, in that, either he is the owner or a user of a vehicle. This act is to guard the interest of the road-users and

and to regulate the operation of motor vehicles and issue of driving licences and permits. With the changes in the environment and the working atmosphere in the country, a certain amount of evolution and developmet is bound to take place. That is why our Ministry has been trying to keep pace with the changes which take place with modernisation, development and liberalisation of our economy. We have, thrrefore, suggested these amendments for the general good of the motor vehicle-users.

As I said initially, some of the amendments are going to benefit the public in the long run. We have delegated powers to the State authorities. We have simplified the procedure We have protected the interests of the consumers. We are concerned about the road-safety standards, specially in the transport of chemicals and keeping the pollution under control. The most important thing which we have done is giving adequate compensation to the victims of road accidents, without going through the long procedures which were there before.

We are also enhancing the penalties for traffic offenders. There are some other things which are given in the Bill in details.

Some of the hon. Members who have participated have given suggestions. Shri John Fernandes spoke about the licence for two-wheelers. This has been done in the amendment.On fake licences, efforts are being made to computerise right from the district level. Of course, all these provisions are of no use if they are not put into practice. So we are taking this to the Transport Development Council as well as to the National Road Safety Organisation. We will emphasise that until and unless these measures are implemented, it is no use bringing in such Bill.

For computerisation, which we have already planned right from the district level, we have asked the State Governments to cooperate in sharing information through the NIC, NIT and the TDC. Quite a number of States have already put up computers. We will emphasise that the others must also do so so that we can keep them connected to one master computer. We have also asked the States to enforec the All India Permits for buses. The pollution controls are mandatory norms for the manufacturers of cars as also of two-wheelers, especially, for vehicles which are going for export. I am sorry to tell Mr. Fernandes that we actually don t have enough cars to export. That is the kind of order we have. So, we are exporting two-wheelers. I am also happy to say that on the New Express Way which we are planning in the country, one of the things which we will make sure is that no settlement is allowed to come up. Of course, it has to be implemented by the States again. *(Interruptions)* Shri Jagmohanji, with his vast experience, has given a lot of good suggestions. I would like to inform him, especially in regard to the misuse of licence, that we have already asked the State Governments to create flying squads and they should take strict action on this account. In the last meeting also, this was recommended by us that they must look into this. Otherwise, the whole policy, which we are planning for this, would become ineffective. We are also proposing to appoint a judicial auditor—the Appellate Tribunal in the National Road Safety organisation,—that is, we are going to take this issue up more seriously in the Transport Development Council. I am glad to say that some of the suggestions given in respect of pollution-free vehicles are worth nothing. We will take this up in the Transport Development Council and we will tell the Chief Ministers that they must examine this and encourage this. In the Centre, we have thought of a special incentive for the manufacturers

of such vehicles. In respect of permits which are already allowed them and the other States would be told that they should be given permits without any cost for a particular period. They can ply these buses which are pollution-free on any routes. They don't even have to apply to the State Governments. I would like to infrom the hon. Members that our Ministry is already aware of the problems which have been created by the computer

number of the vehicles. We are working on a certain system where a simple numbering could be got. *(Interruptions)*

SHRI JAGMOHAN: You can ask the State Governments to give sales tax exemption to the electric-operated buses.

SHRI JAGDISH TYTLER: This is a good suggestion and we will take it up. Mr. Ahluwalia has given a lot of new suggestions on traffic education, rising number of vehicles and the very meagre inyestment on new roads. These are all things which we all know and it is true that these things are there. But, we have taken certain steps. Seminars on road safety have been there. We are having seminars. Traffic parks are being created. The manufacturers have been asked to include greater safety measures in the vehicles. No doubt, we will be getting a lot of very fast vehicles. We are working on the safety measures in that respect There were about 4,000 accidents which have gone up to 60,000. I would like to infrom that the vehicular population which was 3,00,051 previously, has now gone up to 2.5 crore in 1993. Even the length of roads has gone up from five lakh kms to twenty lakh kms. The number of vehicles has gone up by 80 times and the length of roads has only gone up by five times. So, you can imagine the problems that we are facing. But, with the new liberalisation policy of the Prime Minister, we are encouraging private participation to come and make roads in this country. I am glad to say that a lot of interest has been shown by the Indian road builders as well as foreigners who are prepared to invest, build, operate and transfer And I would, probably, be coming with a good news in the very near future that we would be tying up certain very big projects all over the country.

We have already asked that the cyclists should have yellow or orange colour reflectors. We have asked the Delhi Police and we will see that the other States also follow. Helmets are being made compulsory for two-wheeler riders. We have also put in some amendments because we can advise the manufacturers to bring out more colourful cycles, if it helps.

Mr. Ramji Lal has also given some very good suggestions especially on by pass for Hissar. Of course, we are depeding on the State Governments to privatise the by pass. I would also ask Bhajan Lalji to see that especially the bypass for Hissar. is privatised as quickly a possible.... *(Interruptions)*

मैं आपके बाइपास हिसार की बात कर रहा था —(व्यवधान)

श्री राम जी लाल : मंत्री जी, इस बारे में केस भी बराबर भेजा है। आपको इससे पैसा भी मिलेगा।

श्री जगदीश टाईटलर : पैसा तो मिले, पैसा मिलते ही मैं सबसे पहले हिसार को ही लूंगा। रोड फंड से पैसा मिलते ही आपको दे दूंगा।

Anyway, it is just the same. The State Government can also do it. It is only that the funds come from us.

We are having a lot of problems in respect of licences which have been got from other States. This is really some thing which is worrying us more. So, we are asking the State Governments—because it being a State subject, we can only force and request the State Governments—that this should be given priority.

Now, corruption on the road, especially on the traffic side, is something which is worrying all of us. We do see with our own eyes that people are being checked and harassed on fictitious grounds. So, this Bill would bring about certain centralisation of the doucumenttion and other things and I hope we would be able to stop part of the corruption and one day, I hope, we will get rid of this thing, and we can do it.

Of course, checking of overloading again is with the State Governments. We are creating training schools.

Moolchand Meenaji has also given the figures. I would like to inform Meenaji that in India we have 13.1 accidents per thousand vehicles. I am just making a comparison with Japan Japan has 12.1 accidents per thousand and this does not make us very happy but I am saying it is a worldwide phenomenon, but in our country it is more because of so many things which the hon. Members have pointed out. Wrong licences have been given. People are not medically fit to be given licences. They are getting licences on fake certificates from other States. It is for the States to see that this malpractice does not take place.

About speed-brakers, I would like to inform the hon. Members that neither are the State Governments nor is the Central Government encouraging or spending money for putting up speed-breakers. The villages and the municipalities themselves are doing it. We have tried our level best and in some places we have physically removed them but overnight they come up. It is for the knowledge of the public, for the safety of the public. This is an awareness which must be created among the public by the State Governments and whatever elese can be done.

I am very happy that most of the Members have supported this Bill. I think, that is all. I have answered all the questions. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): I hope, all the hon. Members are satisfied with the reply given by the Minister. I shall now put the motion moved by the Minister to vote. Now, the question is:

"That the Bill further to amend the Motor Vehicles Act, 1988, be taken into consideration."

The motion was adopted.

We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clause 2 to 64 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI JAGDISH TYTLER: Madam, I beg to move:

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

THE AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA BILL (1994)

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Now I would like to have up the Airports Authority of India Bill, 1994.

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): Madam, I beg to move:

"That the Bill to provide for the constitution of the Airports Authority of India and for the transfer and vesting of the undertakings of the International Airports Authority of India and the National Airports Authority to and in the Airports Authority of India so